# कलेक्टर-एसएसपी उतरे मैदान में, सूरज उगने से पहले पुलिस ने संभाला मोर्चा

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 16 नवम्बर.** शहर की कानून व्यवस्था को बिगाड़ने को लेकर सोशल मीडिया एवं संगठनों की अफवाहों को लेकर प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहा। शहर की कानून व्यवस्था को जांचने के लिए सुबह 5 बजे से कलेक्टर

**व्यवस्थाएं चाक चौबंद, निर्बाध रूप से अपनी दिनचर्या में रहे शहरवासी**

रूचिका चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह मैदान में उतर गए। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के मैदान में आने की सूचना मिलते ही अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी तत्काल अपने-अपने क्षेत्रों में तैनात हो गए। वहीं पुलिस ने जगह-जगह नाकाबंदी की, साथ ही चेकिंग पाइंट भी लगा दिए। वहीं साइबर एक्सपर्ट एवं अधिकारी सोशल मीडिया पर



नजर बनाए रखी । शहर का माहौल बिगाड़ने जैसी पोस्ट करने



वाले एवं उन्हें शेयर व रिपोस्ट करने वालों पर भी तत्काल कार्रवाई कर उन पर प्रकरण दर्ज किया जा रहा है। शहर का माहौल बिगाड़ने के लिए मीडिया सोशल पर किए गए कॉल को देखते हुए पुलिस शासन पूरी तरह से मुस्तैद रहा। रात में ही शहर के अंदर आने वाले रास्तों पर चेकिंग पाइंट लगा दिए गए थे। साथ ही चौराहों पर भी बैरिकेड्स लगाकर बड़े वाहनों को पुलिस के जवान चेक कर रहे थे। शहर के अंदर आने वाले हर वाहन को चेक किया जा रहा था। वहीं कलेक्टर रूचिका चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह सुबह 5 बजे से शहर की सड़कों पर उतर आए, उन्होंने शहर के हर चौराहे, चेकिंग पाइंट आदि का निरीक्षण किया। साथ ही पुलिस के जवानों को निर्देश दिए कि कोई भी संदिग्ध दिखे तो तत्काल उससे पूछताछ करें और संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर हवालात में बिठा दिया जाए।

**एसडीएम , एडीएम, सीएसपी, एएसपी मैदान में**

शहर की हवा को बिगाड़ने की कोशिश करने वाले लोगों को सबक सिखाने के लिए सभी एडीएम, एसडीएम अपने-अपने क्षेत्रों में सुबह से ही निरीक्षण पर निकले, वहीं सीएसपी, एएसपी भी अपने अपने क्षेत्रों में निरीक्षण में जुटे रहे।

**शहरवासियों में चर्चाओं का बाजार, कुछ हुआ है क्या, इतनी पुलिस क्यों**

14 नवंबर को कलेक्टर रूचिका चौहान ने शांति समिति की बैठक ली थी और शहर का माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त एक्शन लेने की बात कही थी। 16 नवंबर को सुबह से ही पुलिस की जगह-जगह नाकाबंदी देखकर अपने घरों से निकले लोग भी परेशान हो गए, आखिरकार क्या बात है, इतनी पुलिस क्यों लगी है। चौराहों पर तैनात पुलिस के जवानों से लोग पूछ रहे। रहे थे, भाई क्या बात है, कुछ हुआ है क्या, इतनी सुबह से क्यों तैनात है।

**जिले के एंट्री पाइंट पर नाकाबंदी**

शहर के माहौल को ठीक रखने एवं किसी भी प्रकार की घटना को रोकने के लिए प्रशासन ने जिले के एंट्री पाइंटों पर नाकाबंदी कर दी थी, जिले में प्रवेश से पहले ही वाहनों को चेक किया जा रहा था, साथ ही सभी से जिले में आने का कारण भी जाना जा रहा था, संतोषजनक जवाब मिलने पर उन्हें जाने दिया गया।


# सुरभि ने एमपी टॉप कर हासिल किया गोल्ड

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 16 नवम्बर.** पब्लिक हेल्थ (मैनेजमेंट) में ग्वालियर की बेटी सुरभि भदकारिया ने शहर का नाम रोशन किया है। सुरभि ने मध्यप्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। सुरभि ने पोस्ट ग्रेज्युएशन रायसेन की सेम ग्लोबल यूनिवर्सिटी से किया है। गत दिवस आयोजित दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सुरभि को गोल्ड मैडल प्रदान किया।

डॉ सुरभि भदकारिया ग्वालियर व्यापार मेला व्यापारी संघ के अध्यक्ष एवं अचलेश्वर न्यास के पूर्व सूचना सचिव महेन्द्र भदकारिया की सुपुत्री हैं।

एसएएम विश्वविद्यालय, भोपाल में भव्यता के साथ आयोजित दीक्षांत समारोह में



वरिष्ठ शिक्षकों ने डॉ. सुरभि भदकारिया की प्रशंसा करते हुए उन्हें उज्ज्वल एवं कीर्तिमय जीवन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सुरभि की मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि जब बेटियाँ ठान लेती हैं, तो सफलता उनके कदम चूमती है। मेला व्यापारी संघ, कैट, चेंबर ऑफ कॉमर्स आदि व्यापारी संगठनों, अचलेश्वर महादेव न्यास एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने सुरभि भदकारिया को बधाई दी

# हर व्यक्ति को वोट का अधिकार मिलना चाहिए : हेमंत खंडेलवाल

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 16 नवम्बर.** एसआईआर एक सामान्य प्रक्रिया हैं। देश की आजादी के बाद कई बार यह प्रक्रिया हुई है। चाहे किसी भी दल की सरकार हो हर व्यक्ति को वोट का अधिकार मिलना चाहिए। यह बात रविवार को ग्वालियर आये भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने ग्वालियर में प्रेस से चर्चा के दौरान कही।

प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि कोई गलत व्यक्ति वोट नहीं दे पाएं, चुनाव आयोग की इस पहल का हम स्वागत करते हैं। सभी दलों को इसका स्वागत करना चाहिए और मतदाता को इस प्रक्रिया में भाग लेकर सहयोग करना चाहिए, ताकि हमारा लोकतंत्र और अधिक मजबूत हो सके। उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और पार्टी के कार्यकर्ताओं की मेहनत की जीत है। प्रधानमंत्री मोदी जी गरीबों के हितों के लिए जो काम रहे हैं उसकी जीत है। उन्होंने बिहार जीत के लिये केन्द्रीय मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ ही बिहार की जनता को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि संगठन की शक्ति और 2028 की जीत, दोनों का आधार एसआईआर है। मतदाता सूची की एक गलती से परिणाम बदल सकते है, इसलिए कार्यकर्ता एसआईआर को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर कार्य में जुट जाएं।

# एसआईआर लोकतंत्र की मजबूती का सबसे प्रभावी साधन : तरूण चुघ

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 16 नवम्बर.** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं एसआईआर के राष्ट्रीय प्रभारी तरूण चुघ, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने रविवार को

**भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं एसआईआर के राष्ट्रीय प्रभारी चुघ, खण्डेलवाल एवं हितानंद ने ली संभागीय बैठक**

ग्वालियर के एक निजी होटल में ग्वालियर-चंबल संभाग की एसआरआई को लेकर संभागीय बैठक को संबोधित किया। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया लोकतंत्र की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है। एसआईआर एक पूरी तरह सामान्य, नियमित



और संवैधानिक प्रक्रिया है, जिसका पालन हर सरकार, चाहे किसी भी दल की हो अनिवार्य रूप से करती है। एसआईआर लोकतंत्र की मजबूती का सबसे प्रभावी साधन है, इसलिए कार्यकर्ताओं को पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ जुटना हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि एसआईआर कोई साधारण या एक दल से संबंधित प्रक्रिया नहीं है, बल्कि वर्ष 2028 के चुनाव में भाजपा की जीत और हार को निर्णायक रूप से प्रभावित करने वाला सबसे महत्वपूर्ण चुनावी सफलता की कुंजी है। भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना हम सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। एसआईआर को पूरी गंभीरता से लागू कर मेरा बूथ सबसे मजबूत बनाने की जिम्मेदारी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं की है। बैठक को एसआईआर समिति के प्रदेश संयोजक व विधायक भगवानदास सबनानी ने भी संबोधित किया।

**भाजपा का उद्देश्य मात्र सत्ता प्राप्त करना नहीं, बल्कि जनसेवा : चुघ**

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरूण चुघ ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक और प्रत्येक कार्यकर्ता को वोट देने का अधिकार सुनिश्चित करना अत्यधिक जरूरी है और इसी मतदान व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए एसआईआर की प्रक्रिया की आवश्यकता पड़ती है। यह केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए गंभीर जिम्मेदारी है। इसलिए हर कार्यकर्ता को इसे अत्यंत गंभीरता, प्रतिबद्धता और पूर्ण दक्षता के साथ पूरा करना है। बैठक में आभार जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया ने माना एवं संचालन जिला महामंत्री विनय जैन ने किया।



# प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का बड़ी माला से सत्येन्द्र शर्मा ने स्वागत किया

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 16 नवम्बर.** भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के अध्यक्ष हेमन्त खंडेलवाल का ग्वालियर नगर आगमन पर रेलवे स्टेशन पर भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री एवं समस्या आपकी संघर्ष हमारा के संयोजक सत्येन्द्र शर्मा ने साथियों के साथ बड़ी माला से भव्य स्वागत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खंडेलवाल का बड़ी फूल माला से स्वागत करने वाली में भाजपा के जिला मंत्री सत्येन्द्र शर्मा के साथ जोगेंद्र सिंह गुर्जर, गौरव शर्मा, दीपक शर्मा, फूल सिंह, माधव पचौरी, जीतू कमरिया, गोपाल पचौरी, दिलीप शर्मा, अनिल सिसोदिया, मनीष शर्मा, अन्नू पाठक आदि कार्यकर्ताओ ने भव्य स्वागत किया।



# झांसी रोड क्षेत्र में रेत से भरे 20 वाहन जप्त

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 16 नवम्बर.** रेत माफियाओं के खिलाफ जिला प्रशासन और पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए झांसीरोड क्षेत्र में रेत से भरे 20 वाहनों को जप्त किया है। अवैध रेत से भंडारण और विक्रय करने की लगातार मिल रही शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए जिलाधीश श्रीमती रूचिका चौहान व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर धर्मवीर सिंह के निर्देश पर अति. पुलिस अधीक्षक(पूर्व) श्रीमती विदिता डागर एवं अति. पुलिस अधीक्षक(मध्य/यातायात) श्रीमती अनु बेनीवाल के मार्गदर्शन में एसडीएम अतुल सिंह, डीएसपी यातायात अजीत सिंह चौहान एवं

**रेत माफियाओं के खिलाफ जिला प्रशासन और पुलिस ने बड़ी कार्यवाही**

सीएसपी विश्वविद्यालय सुश्री हिना खान के कुशल नेतृत्व में यह कार्यवाही हुई।

शहर के थाना झॉसीरोड क्षेत्र स्थित ए-11 पार्क के सामने पेट्रोल पम्प के पास पुलिस और प्रशासन की टीम ने रेत माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए खनिज विभाग की टीम ने रेत से भरी 17 ट्रेक्टर ट्रॉली, रेत से भरे 2 मिनी ट्रक(बिना हाइड्रोलिक) तथा 1 रेत से भरी ट्रॉली सहित कुल 20 रेत से भरे वाहनों को जप्त कर थाना झांसीरोड परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया है। उक्त वाहनों पर ओवर लोडिंग के तहत कार्यवाही की गई है। जप्त वाहनों की रायल्टी के संबंध में खानिज विभाग की टीम द्वारा जांच कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को स्कूल भेजना अपराध : इंद्रदेव महाराज

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 16 नवम्बर.** 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को स्कूल नहीं भेजना चाहिए. ऐसा करने से हम अपने बच्चों के अपराधी हो जाते हैं. क्योंकि हमें उनके बचपन को छीनने का कोई अधिकार नहीं है । यह विचार महामंडलेश्वर इंद्रदेव महाराज ने रविवार को इंटक मैदान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के विश्राम दिवस व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि जो लोग जीवन में गुरु नहीं बनाते हैं उनको भगवान की कृपा मिलना कठिन होती है । गुरु इंसान को सद् मार्ग दिखा कर ईश्वर से साक्षात्कार करता है । उन्होंने कहा कि बिना धर्म के जीवन में कोई आनंद नहीं है। कथा से जुड़े रहिए और जो भी वक्त अच्छा लगे उसे सुनते रहिए । वक्ता अच्छा और बुरा हो सकता है लेकिन भगवान की कथा सदैव ही कल्याणकारी होती है इसलिए यह विचार मत कीजिए कि वक्त कौन है। उन्होंने कहा कि सनातनियों को रोज तिलक लगाना चाहिए अपने बच्चों को भी रोज तिलक लगाओ



तो उन्हें तिलक लगाने की आदत हो जाएगी। चंदन का तिलक लगाने से क्रोध शांत होता है । बच्चों को डॉक्टर इंजीनियर बनने के साथ अपने अच्छा इंसान भी बनाओ।

उन्होंने बताया कि साधना दुष्टों की संगति से बचने का उपाय है । ध्यान से नेगेटिव केमिकल डिटॉक्स हो जाते हैं जिससे हम दुष्टों और दुष्ट विचारों से बच्चे रहते हैं । उन्होंने कहा कि अपनी काया को निरोगी रखिए अन्यथा माया किसी काम नहीं आएगी। शरीर स्वस्थ होगा तभी हम संसारी व्यक्तियों से प्रेम कर पाएंगे दुश्मन का मुकाबला कर पाएंगे। आरोग्य सुख भगवान का दिया हुआ है इसे खराब करने का अधिकार आपका नहीं है. इसलिए इस विषय वासनाओं में डालकर नष्ट मत करो । उन्होंने कहा कि अच्छा खाओ अच्छा पहनो अच्छा बोलो अच्छा सुनो और अच्छा देखो तो ईश्वर आपका अच्छा ही अच्छा करेगा । ऐसे चित्र देखो जो वासना नहीं उपासना पैदा करें ।

उन्होंने बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने 11 वर्ष की अवस्था में महर्षि सांदीपनि से शिक्षा और दीक्षा ली। सुदर्शन चक्र चलाने की विद्या भी उन्हीं से सीखी ।

**उज्जैन में खोलेंगे गौशाला....**

इंद्रदेव महाराज ने बताया कि यह अगली गौशाला उज्जैन में बना रहे हैं और यदि जन सहयोग मिला तो वहां गुरुकुल भी खोलेंगे जिसमें छात्र-छात्राओं के पढ़ने की व्यवस्था अलग-अलग होगी । विद्यार्थी के पांच लक्षण बताते हुए उन्होंने कहा कि बगुल जैसा ध्यान. कौवे जैसी दृष्टि. कुत्ते जैसी नींद. गृह त्यागी और अल्पाहारी विद्यार्थी को होना चाहिए। इस मौके पर कथा परीक्षित शशि सुधीर शाह प्रिया दीपांशु शाह उषा प्रदीप शाह नीलम संजय शाह सुषमा पवन गोयल प्रतिभा अशोक जैन स्मृति विवेक नूपुर नितिन इत्यादि सहित हजारों श्रद्धालु मौजूद थे

# 15 दिनों से सीवर युक्त गंदा पानी नलों में आ रहा

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 16 नवम्बर.** दीनदयाल नगर ग्वालियर सेक्टर सी रामलीला मैदान के सामने मकानों में लगभग 15 दिनों से सीवर युक्त गंदा पानी नलों में आ रहा है. शिकायतों पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है, इसके पहले सेक्टर सी रामलीला मैदान में सीवर का पानी भरा होने तथा कचरा डंप करने की शिकायत की गई थी उसका भी कोई समाधान नहीं हुआ है । अब सभी सीवर युक्त गंदा पानी पीने के लिए और मजबूर हैं तथा इसी पानी से नहाकर पूजापाठ करने को मजबूर हैं जब से इस क्षेत्र के सीवर के उप यंत्री शैलेंद्र दीक्षित की शिकायत की है तब से समस्याएं



बढ़ती ही जा रही हैं । सुधार का कोई नामोनिशान नहीं है । आर एस तरेटिया राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रांताध्यक्ष मध्य प्रदेश भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ ने महापौर, विधायक डॉक्टर सतीश सिकरवार एवं आयुक्त नगर निगम ग्वालियर से अनुरोध किया है कि इन समस्याओं का निराकरण तत्काल करायें.




# विश्व संगीत नगरी ग्वालियर में कम होता जा रहा है संगीत का आकर्षण

संजीव कुमार शर्मा

**ग्वालियर 16 नवम्बर.** ग्वालियर को यूनेस्को ने 'सिटी ऑफ म्यूजिक' का दर्जा दिया है, यह शहर संगीत की धरोहर के लिए भी प्रसिद्ध है, यहां तानसेन जैसे महान संगीतकार हुए हैं। लेकिन इसके बावजूद शहर में संगीत का स्कोप कम होता जा रहा है। कुछ लोगों का मानना है कि शहर में संगीत के अवसर कम हो रहे हैं। ग्वालियर के संगीत घरानों ने भारतीय शास्त्रीय संगीत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है, लेकिन अब यहां के युवा संगीत को अपना करियर बनाने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं।

**क्या है ग्वालियर की संगीत विरासत?**

ग्वालियर संगीत की एक समृद्ध विरासत है, जिसमें तानसेन, बैजू बावरा और हरी दास जैसे महान संगीतकार हुए हैं। शहर में कई संगीत संस्थान हैं, जहां शास्त्रीय संगीत की शिक्षा दी जाती है। ग्वालियर के संगीत घरानों ने भारतीय शास्त्रीय संगीत को विश्वभर में पहचान दिलाई है। वर्तमान में बड़ी शाला में प्रत्येक माह आयोजित हो रहे राश गायन के अलावा अन्य कोई भी ऐसा कार्यक्रम नहीं हो रहा है जिससे संगीत को बढ़ावा मिले।

**क्या है भविष्य?**


ग्वालियर की संगीत विरासत को बचाने के लिए सरकार और संगीत प्रेमियों को मिलकर काम करना होगा। शहर में संगीत के अवसर बढ़ाने और युवा पीढ़ी को संगीत की ओर आकर्षित करने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए। इसके लिए सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्थाओं को आगे आकर संगीत की विरासत को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी लेनी होगी।

**लोगों ने कहा...**



सिंधिया के प्रयास से ग्वालियर को यूनेस्को ने वर्ल्ड म्यूजिक सिटी का खिताब दे दिया है। अब इस विरासत को आगे बढ़ाने के लिए सरकार और प्रशासन को भी संयुक्त प्रयास करने होंगे तभी इस सम्मान का औचित्य सार्थक होगा।

**योगेश शर्मा, विभागाध्यक्ष संगीत विभाग सिंधिया स्कूल फोर्ट**



यह दुर्भाग्य की बात है कि तानसेन जैसे महान संगीतकार का शहर अब कोई बड़ा संगीतकार देश को नहीं दे पा रहा हैं।

**रोहित चौधरी, पखावज वादन**



संगीत और कला के क्षेत्र में अब हम बिछड़ते जा रहे हैं। इसका कारण है ग्वालियर घराना जो कि बड़ा समृद्ध संगीत का घराना था उसके ज्यादातर बड़े कलाकार बाहर चले गए हैं उन्हें शहर में आकर नए युवा कलाकारों को मार्गदर्शन करना चाहिए।

**मनीष शर्मा, तबला वादक,संगीतकार**



संगीत शिक्षक बनाकर यदि सरकार युवाओं को रोजगार दे तो ग्वालियर संगीत नगरी के रूप में विख्यात होगा और यहां बाहर से भी लोग संगीत सीखने आएंगे इससे ग्वालियर आर्थिक रूप से भी समृद्ध होगा।

**संजय देवले, गायक, संगीतकार**

# नन्ही अनाया ने किया स्टेज पर डांस तो दर्शक दीर्घा में दादी भी लगीं झूमने



**ग्वालियर 16 नवम्बर.** बाल भवन में आयोजित हुए एक डांस कंपटीशन में नातिन अनाया भारद्वाज पहुंची और जब मंच पर अन्य ने अपनी प्रस्तुति दी तो सामने बैठे दर्शकों के साथ दादी विजय भारद्वाज भी खुशी से झूमने लगी। अनाया ने बताया कि उनके माता-पिता वर्षा और विशाल काम में व्यस्त थे वो नहीं आ पाए तो मेरी दादी और मौसी मुझे लेकर आए मुझे डांस का बहुत शौक है मेरे घर मे संदीप सर डांस क्लास चलाते है मैंने भी उनसे ही सीखा आज स्टेज पर डांस करके बहुत अच्छा लगा. मैं बड़ी होकर ग्वालियर का नाम रोशन करना चाहती हूँ ।

